अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/पैकेजिंग/2019/266 दिनांक 02.02.2019

*निविदा फार्म का मूल्य – 1000/– रूपये*

# लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2019–2020 हेतु आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों की पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाली फार्मास्युटिकल पैकेजिंग सामग्री, लेबल मुद्रण सामग्री एवं आरोग्य किट सामग्री की क्रय आपूर्ति के संबंध में जारी ऑनलाइन निविदा आमंत्रण

(आनलाइन निविदा बोली प्रस्तुत करने की

अंतिम दिनांक 21.02.2019 समय सायं 5.00 बजे तक)

## लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी–पार्क)


वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल

(प्रधान कार्यालय–म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित)

फोन : (0755) 2970629 फैक्स : (0755) 2970629

Website: www.vindhyherbals.com , Email: mfpparc@gmail.com, mfp_parc@rediffmail.com

अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/पैकेजिंग/2019/266 दिनांक 02.02.2019

# निविदा के संबंध में निर्धारित समय सारणी

मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ, मर्यादित भोपाल की आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के निर्माण एवं प्रसंस्करण की इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2019–2020 हेतु आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों की पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाली फार्मास्युटिकल्स पैकेजिंग, लेबल मुद्रण सामग्री एवं आरोग्य किट सामग्री की क्रय आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाकारों से आनलाइन लघु ई–निविदाएँ/वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है।

1. ऑनलाईन ई–निविदा से संबंधित विवरण म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित समय सीमा एवं अवधि हेतु उपलब्ध रहेगा।
2. इच्छुक बोलीदाता/निविदाकर्ता को आनलाइन आवेदन करने के पूर्व अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन कराना आवश्यक है।
3. निविदा प्रपत्र संस्था की बेवसाइट www.vindhyaherbals.com पर भी सुलभ सन्दर्भ हेतु उपलब्ध रहेंगे।

| क्र | कार्यविवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | आनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का समय | **04.02.2019 दिन सोमवार सायं 5.00 बजे से निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in पर आनलाइन उपलब्ध रहेगा।** |
| 2 | आनलाइन निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) भरने/अपलोड करने की अंतिम दिनांक एवं समय | **21.02.2019 दिन गुरूवार को सायं 5.00 बजे तक** |
| 3 | तकनीकी निविदा भौतिक रुप से जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | **21.02.2019 दिन गुरूवार को सांय 5.30 बजे तक– कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी भोपाल को प्राप्त हो जाना चाहिए।** |
| 4 | आनलाइन तकनीकी निविदा (मय भौतिक प्राप्त) खोलने का दिनांक एवं समय | **22.02.2019 दिन शुक्रवार को अपरान्ह 12.00 बजे से** |
| 5 | आनलाइन वित्तीय निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | **23.02.2019 दिन शनिवार को प्रातः 11.30 बजे से** |
| 6 | निविदा प्रपत्र शुल्क | **राशि रूपये 1000/– (एक हजार रुपए ) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना होगा।** |
| 7 | ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया शुल्क | **पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल में दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा।** |
| 8 | निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि | **निर्माणकर्ताओ हेतु राशि रूपये 50,000/– एवं<br>आपूर्तिकर्ताओं हेतु राशि रू. 25,000/–<br>का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना होगा।** |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र,**
**भोपाल**

अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/पैकेजिंग/2019/266 दिनांक 02.02.2019

**ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया से संबंधित दिशा–निर्देश एवं शर्तें:–**

1. प्रथम बार ई–टेंडरिंग में भाग लेने वाले निविदाकार, निविदा भरने से पूर्व पंजीयन, डिजिटल हस्ताक्षर आदि औपचारिकताओं की पूर्ति अग्रिम में कर लें।
2. **निविदा प्रपत्र शुल्क**–निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार को सर्वप्रथम म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया पूर्णकर, रू. 1000/– के ई–पेमेन्ट से द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेगा।
3. **प्रोसेसिंग फीस**–पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल में दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा।
4. **निविदा प्रतिभूति** (Earnest Money Deposit)**–परिशिष्ट–1 के आयटम कोड पी–1 से पी–16 तक निर्माणकर्ताओ/निर्माताओं को** निविदा प्रतिभूति (EMD) की राशि **रूपये 50,000/– एवं अन्य आयटमों/सामग्रियों की आपूर्तिकर्ताओं को** निविदा प्रतिभूति (EMD) की **राशि रू. 25,000/–** होगी, जिसे ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि अन्य किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।
5. बोलीदाता/निविदाकार म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से दिनांक **04.02.2019 से 21.02.2019 सायं 5.00 बजे तक** तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा ऑनलाइन अपलोड कर सकेगें।
6. निविदाकारों को निविदा से संबंधित स्पष्टीकरण या नियत तिथि वृद्धि की सूचना हेतु ई–टेंडरिंग वेबसाईट का नियमित अवलोकन करना होगा।
7. निविदा अहस्तांतरणीय है। निविदा फार्म हेतु जमा की गई राशि वापिस नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (EMD) के बिना निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
8. निविदाकार को बोली प्रपत्र आनलाइन फार्मेट में डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। इस हेतु निविदाकार को https://mptenders.gov.in पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन करना होगा। उक्त पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया एवं निविदा ऑनलाईन क्रय/जमा करने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी हेतु टोल फ्री नं. 0120–4200462/4001002 पर कार्य दिवसों में प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक या ईमेल–eproc@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं। आनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलाजी अधिनियम–2000 के तहत प्राप्त करना होगा। निविदाकार डिजिटल सर्टिफिकेट, सीसीए द्वारा स्वीकृत संस्था से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदाकारों के पास पूर्व से वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नही है।
9. सर्शत बोली स्वीकार नही की जाएगी।
10. आनलाइन निविदा बोली के 2 इलेक्ट्रानिक लिफाफे होगें–
    **(1) तकनीकी निविदा (2) वित्तीय निविदा**
11. तकनीकी निविदा बोली में वांछित दस्तावेजों की प्रतियां जोकि अधिकृत व्यक्ति द्वारा स्व–प्रमाणित हो, स्केन कर अपलोड करनी होगी।
12. निविदाकार का विगत 3 वर्षो का न्यूनतम टर्नओवर निम्नानुसार होना आवश्यक है–
    - **वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु 05 लाख रुपए**
    - **वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु 10 लाख रुपए**
    - **वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु 15 लाख रुपए**
13. **आनलाइन वित्तीय निविदा भरते समय निविदाकार/बोलीदाता यह सुनिश्चित कर ले कि निविदा के परिशिष्ट–1 में वर्णित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा में करने हेतु सक्षम है।**

14. आपूर्ति की गई सामग्री यदि निर्धारित मानदंडों एवं उच्च गुणवत्ता के अनुरुप नही पाई जाती तो निविदाकार स्वयं के व्यय पर उसे बदलेगा। मानक अनुरुप आपूर्ति न करने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
15. **आयटम कोड पी–1 से पी–16 तक के लिए मूल निर्माणकर्ताओं / निर्माताओं की निविदा ही मान्य की जायेगी।** इस संबंध में उन्हें मूल निर्माणकर्ता होने के अभिलेख एवं प्रमाण प्रस्तुत करना होंगे।
16. निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रानिक फार्मेट में म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आनलाइन दिनांक 21.02.2019 तक सायं 5.00 बजे तक जमा कराए जा सकते है। आनलाइन एवं भौतिक रुप से प्राप्त निविदाएं **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय में निम्नानुसार निर्धारित दिनांक एवं समय पर खोली जाएगी–**

**16.1** **<u>तकनीकी निविदाः</u>**–आनलाइन एवं भौतिक रुप से प्राप्त निविदाए दिनांक 22.02.2019 को दोपहर 12.00 बजे से निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिती में खोली जाएगी।

**16.2** **<u>वित्तीय निविदाः</u>**– तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों के आनलाइन वित्तीय प्रस्ताव दिनांक 23.02.2019 को प्रातः 11.30 बजे से निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिती में खोली जाएगीं।

**17.** <u>तकनीकी निविदा (Technical Bid)</u>–

**निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ यथा आवश्यक मय सेम्पल्स एवं निम्नलिखित दस्तावेज भौतिक रुप से व्यक्तिगत अथवा डाक द्वारा दिनांक 21.02.2019 को सायं 5.30 बजे तक ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी. –पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय में जमा कराया जाना आवश्यक है–**

17.1 ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रपत्र शुल्क का ब्यौरा।

17.2 ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि का ब्यौरा।

17.3 संस्था के पंजीयन के प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।

17.4 पेन / टेन की सत्यापित छायाप्रति।

17.5 निविदाकार का GST पंजीयन प्रमाण की सत्यापित छायाप्रति।

17.6 चार्टड एकाउटेंट / अंकेक्षक द्वारा प्रमाणीकृत विगत तीन वित्तीय वर्ष का लाभ–हानि पत्रक एवं बैलेंस शीट की प्रति।

17.7 पिछले 3 आंकलन वर्षो (AY 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19) हेतु जमा आयकर विवरणिका (ITR) की प्रति।

17.8 संस्था द्वारा निविदा में भाग लेने के लिये संस्था के लेटरहेड पर अधिकार पत्र।

17.9 निविदाकार को 50 रुपए के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर अथवा संस्था के लेटरहेड पर स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र देना होगी, जिसमें यह घोषणा की जावेगी कि निविदाकर्ता का नाम केन्द्र शासन / किसी भी राज्य शासन के विभाग एवं उसके निगम मंडल की काली सूची में दर्ज नहीं है।

**(उपरोक्त वर्णित बिन्दु क्रमांक– 17.1 से 17.9 तक के प्रपत्र एवं दस्तावेज स्केन कर आनलाइन तकनीकी लिफाफे में अपलोड करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी।**

17.10 परिशिष्ट–2 के अनुसार निविदाकार द्वारा घोषणा, हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित।

17.11 निविदाकार की संस्था / उसके सहभागी / गठन पता, दूरभाष नं., फैक्स नं., ई–मेल नं. का दस्तावेज, परिशिष्ट–3 के अनुसार हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित।

17.12 निविदाकार चैकलिस्ट परिशिष्ट–4 अनुसार क्रमबद्ध तरीके से अभिलेखों को एकसाथ बांधकर संलग्न करेंगे।

17.13 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर / सील अंकित की जाए।

18 सीलबन्द लिफाफे के ऊपर **तकनीकी निविदा ''पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा अथवा लेबल मुद्रण सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा अथवा आरोग्य किट सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा**'' जो भी संबंधित हो लिखा होना चाहिए। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

19 निविदा खोलने की तिथि को यदि किसी कारणवश अवकाश रहता है, तो अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर निविदाएं खोलने की कार्यवाही की जाएगी।

20 निविदा से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं आनलाईन होगी।

21 निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सभी निविदा नही खोले जा सकने की स्थिति में अगले कार्यदिवस में शेष निविदा खोलने का कार्य जारी रहेगा।

22 तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं खोली जाएंगी।

23 यह संस्थान विलम्ब या अप्राप्त होने वाले निविदा फार्म के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

24 फैक्स या ई–मेल से भेजी गई निविदा स्वीकार नहीं होगी।

25 **आनलाइन वित्तीय निविदा (Financial Bid)**

25.1 निविदाकार परिशिष्ट–1 सूची अनुसार उत्पादों के लिये अपनी दर निर्धारित कालम में आनलाइन मोड में ही प्रस्तुत कर सकेंगे। भौतिक रुप से वित्तीय निविदा मान्य नही होगी।

25.2 उत्पाद की दरें बिना कर (Without Tax) के निविदा प्रपत्र में किये गये उल्लेखानुसार प्रति नग / किलोग्राम, वर्गफीट, सैकड़ा / हजार जो भी लागू हो के अनुसार प्रस्तुत की जाएं। देय भुगतान पर लागू करों का भुगतान नियमानुसार किया जाएगा।

25.3 उत्पाद की दरें भोपाल स्थित केन्द्र तक माल पहुंचाने, परिवहन एवं अनलोडिंग सहित होंगी। प्रस्तावित दरें निर्धारित प्रारुप में ही मान्य होंगी।

26 किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार **मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल का होगा।**

27 **निष्पादन प्रतिभूति** (Performance Guarantee)– म.प्र.भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 अनुसार निविदा के उचित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि सुरक्षा निधि के रूप में जमा करना होगी। सफल निविदाकार को करारनामा किये जाने के पूर्व प्रत्येक आयटम / सामग्री का संविदा मूल्य (स्वीकृत दर और आवश्यक मात्र के गुणन) की 5 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राशि किसी भी वाणिज्यिक बैंक से डिमांड ड्राफ्ट, मियादी जमा रसीद अथवा बैंकर्स चैक "CEO, MFP-PARC, Bhopal" के नाम से भोपाल में देय अथवा 18 माह के लिए वैध बैंक गारंटी "CEO, MFP-Procesing & Research Centre, Van Parisar, Berkhera Pathani, Bhopal" के पक्ष में जमा करना होगा।

28 सफल निविदाकर्ता से सुरक्षा निधि के रूप में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि प्राप्त होने पर ही सफल निविदाकर्ता की जमा निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि केन्द्र द्वारा धनादेश के माध्यम से लौटाई जाएगी।

29 **निविदाकार का करारनामा–** सफल निविदाकार द्वारा रूपये 1000 / – के नॉनज्यूडिशियल / नोटराइज्ड स्टाम्प पत्र पर एक करारनामा (इसका वहन निविदाकार द्वारा किया जाना है) **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल**'' के साथ दर स्वीकृति की सूचना के 10 कार्य दिवस के भीतर किया जाना अनिवार्य है।

30 **आपूर्ति की शर्तें–**

30.1 सफल निविदाकार को लिखित में सूचना दी जावेगी।

30.2 निविदाकार को कब–कब, क्या–क्या कितनी मात्रा में उत्पाद सप्लाई करना है इसकी सूचना दी जावेगी। सप्लाई **लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर बरखेड़ा पठानी, भोपाल** में होनी है।

30.3 परिशिष्ट–1 में उत्पादों की उल्लेखित मात्रा को कम करना या बढ़ाने का अधिकार **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल''** को होगा।

30.4 आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति आदेश उपरांत यदि सप्लाई 10 कार्य दिवसों में नहीं की जावेगी तो **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल''** को यह अधिकार होगा कि वह कुल सप्लाई के मूल्य का 1% पैनल्टी के रूप में कटौती कर लें।

30.5 आपूर्तिकर्ता सुनिश्चित करें कि निर्धारित मापदण्ड एवं उच्च गुणवत्ता की सामग्री ही आपूर्ति की जाए। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का आवश्यकतानसुार निविदा के मानकों के अनुरुप तकनीकी स्पेसिफिकेशन का परीक्षण कराया जाएगा।

निविदाकार द्वारा भेजे गए उत्पाद/सामग्री की प्राप्ति के समय मात्रा में कमी या ह्रास की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। जिस उत्पाद के लिए सप्लाई आदेश जारी नहीं किया गया उसकी प्राप्ति के लिए **लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** उत्तरदायी नहीं होगा।

31. सफल निविदाकार के कार्यालय और गोदाम का **मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** या उनके नामित कोई प्रतिनिधि निरीक्षण कर सकेगा।

32. निविदाकार द्वारा कोई भी उत्पादों की आपूर्ति sublet द्वारा नहीं की जा सकेगी।

33 सफल निविदाकार द्वारा उल्लेखित सामग्रियों की निर्धारित मात्रा एवं समय पर प्रदाय न करने की दशा में बाजार से सीधा क्रय कर लिया जायेगा तथा क्रय की गई सामग्री के मूल्य में यदि कोई अन्तर होता है तो अन्तर की राशि सफल निविदाकार से वसूल की जायेगी। ऐसी स्थिति में निविदाकार द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में जमा निष्पादन प्रतिभूति राशि अधिग्रहित की जा सकेगी।

**34 भुगतान**

34.1 आपूर्ति हेतु उत्पाद की कीमत के विरूद्ध कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

34.2 उत्पाद की प्राप्ति के अधिकतम 30 कार्य दिवस में देयक की प्रस्तुति पर भुगतान किया जावेगा।

35. निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) एवं निष्पादन प्रतिभूति राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। असफल निविदाकार को उनके द्वारा जमा की गई निविदा प्रतिभूति राशि, सफल निविदादाता से अनुबंध निष्पादन उपरांत उससे आवेदन प्राप्त होने पर वापिस कर दी जावेगी।

36. सफल निविदाकर्ता को उनके द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में जमा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि वित्तीय वर्ष समाप्ति/आगामी निविदा स्वीकृति उपरांत पृथक से लौटाई जावेगी।

37. **भुगतान में कटौती**–यदि प्रदाय उत्पाद/सामग्री की मात्रा में कमी/ह्रास होता है तो भुगतान में उसकी कटौती की जावेगी।

38. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में प्रबन्ध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघुवनोपज संघ, भोपाल का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।

39. न्यायालीन विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी,
भोपाल

परिशिष्ट–1

## वित्तीय वर्ष 2019–2020 हेतु आवश्यक पैकेजिंग सामग्री का विवरण

| आयटम कोड | सामग्री आयटम (वर्जिन क्वालिटी) फूड ग्रेड | मानदण्ड (डिजाइन नमूने कार्यालय में देखें जा सकते हैं) | वार्षिक आवश्यक अनुमानित मात्रा (प्रति नग / किग्रा) में |
|---|---|---|---|
| | पैकेजिंग सामग्री (पी–1 से पी–61) | | |
| पी–1 | 15 ग्राम (बाम हेतु) गोल डिब्बी (ढक्कन सहित) | 3 gm | 500000 |
| पी–2 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 60 टेबलेट हेतु (गोलडिब्बी) (ढक्कन सहित) | 8 gm | 300000 |
| पी–3 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 50 ग्राम चूर्ण हेतु (गोल डिब्बी) (ढक्कन सहित) | 13 gm | 300000 |
| पी–4 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 50 ग्राम चूर्ण हेतु फार्मा जार (ढक्कन सहित) | 14 gm | 100000 |
| पी–5 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 100 ग्राम चूर्ण हेतु (गोल डिब्बी)(ढक्कन सहित) | 17 gm | 300000 |
| पी–6 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 100 ग्राम चूर्ण हेतु फार्मा जार (ढक्कन सहित) | 18 gm | 300000 |
| पी–7 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 100 ग्राम चूर्ण हेतु (ढक्कन सहित) | 20.27 gm | 200000 |
| पी–8 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 500 ग्राम टेबलेट हेतु (950 एमएल स्क्रू जार) (ढक्कन सहित) | 60 gm | 100000 |
| पी–9 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 500 ग्राम चूर्ण हेतु (1000 एमएल लंबा डिब्बा) (ढक्कन सहित) | 60 gm | 100000 |
| पी–10 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 1 किलो ग्राम चूर्ण/टेबलेट हेतु (ढक्कन सहित) | 94 gm | 9000 |
| पी–11 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 500 ग्राम (च्यवनप्राश हेतु) (ढक्कन सहित) | 42 gm | 20000 |
| पी–12 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 250 ग्राम (च्यवनप्राश हेतु) (ढक्कन सहित) | 32 gm | 20000 |
| पी–13 | 60 मि.ली. तेल हेतु (ढक्कन रहित) | 13.88 gm. Neck size 25mm ROPP | 600000 |
| पी–14 | 100 मि.ली. आसव हेतु (ढक्कन रहित) | 12. gm. Neck size 25mm ROPP | 200000 |
| पी–15 | 200 मि.ली. आसव हेतु (ढक्कन रहित) | 18.25 gm. Neck size 25mm ROPP | 400000 |
| पी–16 | 450 मि.ली. आसव हेतु (ढक्कन रहित) | 33 gm. Neck size 25mm ROPP | 50000 |
| पी–17 | प्लास्टिक कैप हैवी ड्युटी 25 एमएम | 25mm | 120000 |

| आयटम कोड | सामग्री आयटम (वर्जिन क्वालिटी) फूड ग्रेड | मानदण्ड (डिजाइन नमूने कार्यालय में देखें जा सकते हैं) | वार्षिक आवश्यक अनुमानित मात्रा (प्रति नग/ किग्रा) में |
|---|---|---|---|
| पी–18 | प्लास्टिक इनर केप 25 एमएम | 25mm (10 No) | 800000 |
| पी–19 | चैकोर कांच बोतल - 1000 ग्राम शहद हेतु (प्रथम ग्रेड) बिना ढक्कन | चैकोर 770 ml | 6000 |
| पी–20 | एल्युमिनियम केप विंध्य हर्बल मोनो के साथ | 25mm | 1500000 |
| पी–21 | चैकोर कांच बोतल - 500 ग्राम शहद हेतु (प्रथम ग्रेड) बिना ढक्कन | चैकोर 385ml 63mm | 11000 |
| पी–22 | चैकोर कांच बोतल - 250 ग्राम शहद हेतु (प्रथम ग्रेड) बिना ढक्कन | चैकोर 190 ml 53 mm | 15000 |
| पी–23 | लग कैप | 63 mm Golden metallic Colour | 45000 |
| पी–24 | लग कैप | 53 mm Golden metallic Colour | 45000 |
| पी–25 | Disposable Gloves (100 pc= 1 unit) | Latex Examination | 1000 |
| पी–26 | Disposable Mask (100 pc= 1 unit) | Face Mask premium quality Soft Woven Cloth | 1000 |
| पी–27 | Disposable poly shoes (100 pc= 1 unit) | As per sample | 1000 |
| पी–28 | फार्मा पी.वी.सी.रोल-82 एम.एम. (/Kg) | 250-300 m/c | 1000 |
| पी–29 | प्रिन्टेड फार्मा ब्लिस्टर फाइल (/Kg) | Aluminium | 1000 |
| पी–30 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 90 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| पी–31 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 100 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| पी–32 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 120 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| पी–33 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 60 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| पी–34 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 170 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |

| आयटम कोड | सामग्री आयटम (वर्जिन क्वालिटी) फूड ग्रेड | मानदण्ड (डिजाइन नमूने कार्यालय में देखें जा सकते हैं) | वार्षिक आवश्यक अनुमानित मात्रा (प्रति नग/ किग्रा) में |
|---|---|---|---|
| पी–35 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 50 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| पी–36 | पोली स्टेंडिंग पाउच-1000 ग्राम (किलो ग्राम में) | As per sample | 400 |
| पी–37 | पोली स्टेंडिंग पाउच-500 ग्राम (किलो ग्राम में) | As per sample | 400 |
| पी–38 | पोली स्टेंडिंग पाउच-250 ग्राम (किलो ग्राम में) | As per sample | 400 |
| पी–39 | सिलिका पाउच 1/2 ग्राम | As per sample | 1000000 |
| पी–40 | पी.पी.हीटसील स्टेप - दर किलो ग्राम में। | As per sample | 12000 |
| पी–41 | पालीथीन बैग्स (विभिन्न आकार में) - दर प्रति किलो ग्राम | As per sample | 800 |
| पी–42 | बी.ओ.पी.पी.टेप 72 एमएम (48 रोल एक बाक्स में) - दर प्रति बाक्स | As per sample | 100 |
| पी–43 | कोरूगेटेड बाक्स 5 प्लाई | 16x12x16 इंच | 4000 |
| पी–44 | कोरूगेटेड बाक्स 7 प्लाई | 16x12x16 इंच | 5000 |
| पी–45 | कोरूगेटेड बाक्स 5 प्लाई | 15x21x6.5 इंच | 5000 |
| पी–46 | कोरूगेटेड बाक्स 7 प्लाई | 15x21x6.5 इंच | 5000 |
| पी–47 | फोम बैग | मय प्रिंटिंग As per sample | 100000 |
| पी–48 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 30 एमएम Dia | 1000 bandal |
| पी–49 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 45 एमएम Dia | 1000 bandal |
| पी–50 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 55 एमएम Dia | 1000 bandal |
| पी–51 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 95 एमएम Dia | 1000 bandal |
| पी–52 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 72 एमएम Dia | 1000 bandal |
| पी–53 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 35 एमएम Dia | 1000 bandal |
| पी–54 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 28 एमएम Dia | 10000 bandal |
| पी–55 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 35 एमएम Dia | 10000 bandal |

| आयटम कोड | सामग्री आयटम (वर्जिन क्वालिटी) फूड ग्रेड | मानदण्ड (डिजाइन नमूने कार्यालय में देखें जा सकते हैं) | वार्षिक आवश्यक अनुमानित मात्रा (प्रति नग / किग्रा) में |
|---|---|---|---|
| पी–56 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 45 एमएम Dia | 10000 bandal |
| पी–57 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 55 एमएम Dia | 10000 bandal |
| पी–58 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 81 एमएम Dia | 10000 bandal |
| पी–59 | एचडीपीई प्लास्टिक केप (दर प्रति किलो) | विभिन्न प्रकार के As per samples | 1000 |
| पी–60 | खाली जिलेटिन केप्सूल | जीरो साइज (दर प्रति हजार) | 1 Crorer |
| पी–61 | HDPE Below Granules (Rate per kg.) | Pharma & Food grade material (PLASTIC DANA) | 500 कि.ग्रा. |

## लेवल मुद्रण कार्य प्रिटिंग सामग्री (P-62 to P-80) :

| | | | |
|---|---|---|---|
| पी–62 | स्टीकर लेवल मय डिजायनिंग | 25 x 90mm | 150000 |
| पी–63 | स्टीकर लेवल रोल में मय डिजायनिंग | 25 x 90mm | 100000 |
| पी–64 | स्टीकर लेवल मय डिजायनिंग | 25 x70mm | 200000 |
| पी–65 | स्टीकर लेवल रोल में मय डिजायनिंग | 25 x70mm | 300000 |
| पी–66 | स्टीकर लेवल मय डिजायनिंग | 35 x 100mm | 50000 |
| पी–67 | स्टीकर लेवल रोल में मय डिजायनिंग | 35 x 100mm | 100000 |
| पी–68 | स्टीकर लेवल मय डिजायनिंग | 50x120mm | 1000000 |
| पी–69 | स्टीकर लेवल रोल में मय डिजायनिंग | 50x120mm | 1000000 |
| पी–70 | स्टीकर लेवल मय डिजायनिंग | 80x120mm | 200000 |
| पी–71 | स्टीकर लेवल रोल में मय डिजायनिंग | 80x120mm | 200000 |
| पी–72 | स्टीकर लेवल मय डिजायनिंग | 45 x 90mm | 700000 |
| पी–73 | स्टीकर लेवल रोल में मय डिजायनिंग | 45 x 90mm | 700000 |
| पी–74 | स्टीकर लेवल मय डिजायनिंग | 50x120mm | 400000 |
| पी–75 | स्टीकर लेवल रोल में मय डिजायनिंग | 50x120mm | 400000 |
| पी–76 | स्टीकर लेवल मय डिजायनिंग | 80x120mm | 300000 |
| पी–77 | स्टीकर लेवल रोल में मय डिजायनिंग | 80x120mm | 500000 |
| पी–78 | स्टीकर लेवल मय डिजायनिंग | 50x50 mm | 500000 |
| पी–79 | स्टीकर लेवल रोल में मय डिजायनिंग | 50x50 mm | 500000 |
| पी–80 | नमूने अनुसार प्रिन्टेड कैप्सूल बाक्स विभिन्न केप्सूल्स हेतु मल्टीकलर लेमिनेशन सहित | 30 केप्सूल मय डिजायनिंग | 200000 |

अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/पैकेजिंग/2019/266 दिनांक 02.02.2019

# आरोग्य किट (सामग्री सहित) का विवरण

| आ.को. | सामग्री आयटम | मानदण्ड | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| पी–81 | **आरोग्य किट**<br>(प्लास्टिक बाक्स, थर्मामीटर, हर्बल साबुन, सेनेटरी नेपकिन, बेन्डेज, बेंडेड, कॉटन पेड)<br>(Rate per kit) | निम्नानुसार एवं कार्यालय में नमूने देखें जा सकते हैं। | विभिन्न राज्यों के आयुष विभागों से इस संबंध में आपूति आदेश की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उक्त आयटम हेतु आपूर्ति आदेश मिलने पर ही सफल निविदाकार को आदेश प्रदाय किये जायेंगे। |

**आरोग्य किट में सम्मिलित आयट्मस का विस्तृत विवरण (दर प्रति किट)**

| S.N. | Item | Quantity | Uses | Specification |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Outer Plastic Box | 1 No | First Aid Storage Box (As per sample) | A Perfect utility box to store all important and compulsory medicine, bandages, ointment, lotion, cream required in first aid treatment in case of emergency. To keep all the medical stuffs at one place organized<br>Dimensions: The dimensions of box will be L-236 X H-153 x W-140 mm (+ - 5%)<br>Material Plastic Unbreakable Color - Transparent (Clear)<br>Overcome medical emergencies and keep your medicines organized in the medical box. Made from high quality and durable plastic, medical box features a see-through lid for easy accessibility. Armed with an ergonomic handle, the first-aid medical box to be perfect for portable uses. Partition tray for segregation |
| 2 | Thermometer | 1 No | Temperature measurement of Body (As per sample) | Pencil size Clinical thermometer<br>Oval/ round shape<br>With outer cover box for safety.<br>Clear glass and scale clearly visible. |
| 3 | Herbal Soap | 1 No (30gm) | Body cleansing (As per sample) | Transparent (Clear) Natural Glycerin with extracts of aloevera, Neem and turmeric, coconut oil with quality standard base. |
| 4 | Sanitary Napkin | 7 Pads | Menstrual pads to absorb menstrual discharge | Covering (Absorbing Top sheet character)-<br>Good Quality knitted sleeve or non-woven fabric of rash free, Non-irritant and soft to touch material which has sufficient porosity to permit the assembled napkin to meet absorbency requirements.<br>Overall Length (mm) 230 ± 5<br>Core length (mm) 200 mm± 10<br>Fluff core/pad length (mm)- 200 mm± 10<br>Overall Width with wings (mm)-160 mm ± 5 Fluff core/pad width (mm)- 70 mm± 5<br>Thickness of a single pad (mm)-7 mm ± 2<br>Weight of a single pad- 7 gram ± 1<br>Minimum Absorbency - 30ml<br>pH value of absorbent material 6-8.5<br>Packets 7 pieces per packet<br>Trifold Sanitary napkin should be trifold individually wrapped in disposable pouch cover<br>13 Absorbent SAP Each pad must contain absorbent SAP to lock the fluid and enhance the absorbency. |
| 5 | Bandage | 2 No | For Minor scrapes, abrasions, burns and cuts (As per sample) | Width 3 inch, length 5 meter,<br>Good quality material cotton roll white color with outer packing. |
| 6 | Band Aid Long | 2 No | For Minor scrapes, abrasions, burns and cuts (As per sample) | Strip size 70MM X 20 MM ( + - 10%)<br>Medicated pad contain benzakonium chloride 0.5%ww<br>Good quality adhesive |
| 7 | Absorbent Cotton Pad | 5 Pads | For Minor scrapes, abrasions, burns and cuts (As per sample) | Each pack contain 4 inch X 4 inch white cotton wool IP ( 5 nos) |

**परिशिष्ट –2**

## :: घोषणा ::

1. मैं (नाम) ..........................................................आत्मज................................................ एतद् द्वारा कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते मान्य हैं।

2. मैं (नाम) ................................................................आत्मज......................................... एतद् द्वारा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि रू. .................................................. ई–पेमेंट रसीद क्र. ............................... दिनॉक ............................... द्वारा ऑनलाइन भुगतान कर दिया है।

3. मेरे द्वारा निविदा के शर्तो **अधि.क्र. / एम.एफ.पी.–पार्क / निविदा / पैकेजिंग / 2019 / 266 भोपाल दिनॉक 02.02.2019** के उल्लंघन अथवा पालन नहीं होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के द्वारा निविदा शर्तो के अनुसार जो भी दण्ड दिया जायेगा, मैं उसका प्रतिभागी होऊॅगा।

दिनॉक ..............................

निविदाकार के हस्ताक्षर

साक्षी

1. हस्ताक्षर

नाम....................................

पता ..................................

..............................................

दूरभाष क्रं.........................

2. हस्ताक्षर

नाम ..............................................................

पता ..............................................................

दूरभाष क्रं.........................

नाम ....................................................

निविदाकार का पूरा पता

(पत्र व्यवहार के लिये)

...........................................................

...........................................................

दूरभाष क्रं. ..........................................

परिशिष्ट –3

## संस्था / फर्म / वितरक / एजेण्ट की जानकारी

निविदाकार / संस्था / फर्म / का नाम :

पत्र व्यवहार का पता :

स्थायी पता :

दूरभाष क्रं. :

फैक्स क्रं. :

ई–मेल क्रं. :

GST क्रं. :

हस्ताक्षर ..................................................................
नाम ..................................................................
पदनाम ..................................................................
दूरभाष क्रं ...................................... ............................

**परिशिष्ट –4**

## जाँच सूची

| क्रं. | विवरण | पृष्ठ संख्या | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| 1. | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1,000/– का ब्यौरा | | | |
| 2 | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि का ब्यौरा | | | |
| 3 | आयकर विभाग द्वारा जारी पेन/टेन कार्ड की प्रति | | | |
| 4. | जीएसटी पंजीयन प्रमाण–पत्र | | | |
| 5. | फर्म/संस्था/कम्पनी के पंजीयन का प्रमाण पत्र | | | |
| 6. | लाभ–हानि पत्रक, विगत तीन वर्षो की बैलेंस शीट | | | |
| 7 | विगत तीन वर्षो के आई.टी.आर. की प्रतियॉ | | | |
| 8. | संस्था का अधिकार पत्र | | | |
| 9. | काली सूची में शामिल न होने का घोषणा पत्र | | | |
| 10. | निविदाकार द्वारा घोषणा, परिशिष्ट–2 | | | |
| 11. | वितरक/एजेण्ट की जानकारी, परिशिष्ट–3 | | | |

नोटः– निविदाकार उपरोक्तानुसार अभिलेखों को संलग्न कर प्रस्तुत करेंगे।

हस्ताक्षर ....................................................................

नाम ....................................................................

पदनाम ....................................................................

दूरभाष क्रं. ....................................................................